भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (भा.ख.वि.), धनबाद

हिन्दी अनुभाग /423126/भा.प्र.सं (भा.ख.वि)./2021 दिनांक : 13 सितंबर 2021

सूचना

हिन्दी पखवाड़ा 2021 का आयोजन

1. भारत सरकार के राजभाषा विभाग के आदेशानुसार राजभाषा नीति के अनुपालन के क्रम में भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (भा.ख़.वि.), धनबाद में सितंबर माह में दिनांक 14 - 28 सितम्बर 2021 तक हिन्दी पखवाड़ा का आयोजन किया जाएगा । इस अवधि के दौरान संस्थान के शिक्षकों/अधिकारियों एवं स्टाफ के लिए हिन्दी की विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। पखवाड़ा के दौरान आयोजित की जाने वाली विभिन्न हिन्दी प्रतियोगिताओं का विवरण निम्नवत है :-

क्रम सं0	दिनांक एवं समय	प्रतियोगिता/कार्यक्रम	स्थान	अभियुक्ति
(i)	14/09/2021 सायं 4:00 बजे मंगलवार	उद्घाटन समारोह मानीय निदेशक महोदय द्वारा	सम्मेलन कक्ष, प्रशासनिक भवन	उपनिदेशक एवं आयोजन समिति संस्थान के सभी शिक्षक, अधिकारी एवं कर्मचारी ऑनलाइन माध्यम द्वारा
(ii)	15/09/2021 सायं 4:00 बजे बुधवार	तात्कालिक भाषण	प्रबंध अध्ययन विभाग	हिन्दी एवं हिंदीतर भाषी दोनों वर्गों के कर्मचारियों के लिए
(iii)	16/09/2021 सायं 4:00 बजे बृहस्पतिवार	निबंध लेखन विषय - नई शिक्षा नीति 2020 : एक सिंघावलोकन	सम्मेलन कक्ष, प्रशासनिक भवन	हिन्दी एवं हिंदीतर भाषी दोनों वर्गों के शिक्षक एवं अधिकारियों के लिए
(iv)	17/09/2021 सायं 4:00 बजे शुक्रवार	हिन्दी टिप्पण एवं प्रारूप लेखन	सम्मेलन कक्ष, प्रशासनिक भवन	हिन्दी एवं हिंदीतर भाषी दोनों वर्गों के कर्मचारियों के लिए
(v)	20/09/2021 सायं 4:00 बजे सोमवार	हिन्दी काव्य पाठ	सम्मेलन कक्ष, प्रशासनिक भवन	हिन्दी एवं हिंदीतर भाषी दोनों वर्गों के कर्मचारियों के लिए
(vi)	21/09/2021 सायं 4:00 बजे मंगलवार	निबंध लेखन विषय : कोरोना महामारी का भारतीय शिक्षा व्यवस्था पर प्रभाव	एनएलएचसी (NLHC) भूतल	केवल छात्रों के लिए
(vii)	28/09/2021 सायं 5:00 बजे मंगलवार	समापन समारोह	प्रबंध अध्ययन विभाग	

2. पखवाड़े का सुचारु रूप से संचालन एवं समापन का कार्य निम्नलिखित शिक्षकों/अधिकारियों की समिति करेगी :-

(i) प्रो. शीतला प्रसाद तिवारी, गणित एवं कम्प्यूटिंग विभाग - अध्यक्ष
(ii) प्रो. के के सिंह, यांत्रिक अभियांत्रिकी विभाग - उपाध्यक्ष
(iii) प्रो. संजीव आनंद साहू, गणित एवं कम्प्यूटिंग विभाग - सदस्य
(iv) श्री प्रबोध पाण्डेय, संयुक्त कुलसचिव (सामान्य लेखा) - सदस्य
(v) श्री पी आर के सिन्हा, संयुक्त कुलसचिव (निदेशक सचि0) - सदस्य
(vi) श्री अनिल कुमार, उप कुलसचिव (स्थापना) - सदस्य
(vii) श्री एम एन पाण्डेय, सहायक कुलसचिव (छात्र कल्याण) - सदस्य
(viii) श्री धनंजय कुमार, सहायक कुलसचिव (क्रय एवं भंडार) - सदस्य
(ix) डॉ सतीश कुमार, सहायक पुस्तकालयाध्यक्ष - सदस्य
(x) श्री वी प्रकाश नारायण, कनिष्ठ सहायक, अकादमिक अनुभाग - सदस्य
(xi) श्री बृजेश कुमार पाण्डेय, सहायक कुलसचिव (राजभाषा) - सदस्य सचिव

....2/-

3. दस या इससे अधिक प्रतियोगियों के हिस्सा लेने पर उस प्रतियोगिता विशेष के विजेता प्रतिभागियों को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार दिये जाएँगे और यदि किसी प्रतियोगिता में प्रतिभागियों की संख्या केवल पाँच होती है तो उस प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागियों को केवल प्रथम एवं द्वितीय पुरस्कार ही प्रदान किए जाएँगे । निर्णायक मण्डल के सदस्य भी उस प्रतियोगिता को छोड़कर जिसमे वे निर्णायक की भूमिका में हैं, अपनी श्रेणी की अन्य प्रतियोगिता में हिस्सा ले सकते हैं ।

5. उपर्युक्त सभी प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले इच्छुक शिक्षक, अधिकारी, कर्मचारी एवं छात्र -छात्राएँ प्रतियोगिता आरंभ होने से 15 मिनट पहले प्रतियोगिता स्थल पर सीधे पहुँचकर अपने नाम, श्री बृजेश कुमार पाण्डेय, सहायक कुलसचिव (राजभाषा) के पास दर्ज करा सकते हैं ।

6. हिन्दी प्रतियोगिताओं के संदर्भ में स्पष्टीकरण (यदि कोई हो) के लिए श्री बृजेश कुमार पाण्डेय, सहायक कुलसचिव (राजभाषा) से संपर्क किया जा सकता है ।

7. संस्थान के शिक्षकों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों से अनुरोध है कि वे इस अवधि के दौरान अपना अधिक से अधिक कार्यालयी कार्य हिन्दी में करें और इस आयोजन को सफल बनाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें ।

8. उपर्युक्त आयोजन के दौरान कोरोना महामारी से बचाव संबंधी उपायों का कड़ाई से अनुपालन किया जाएगा ।

कुलसचिव

<u>प्रतिलिपि प्रेषित</u>

निदेशक/उपनिदेशक - सूचनार्थ
सभी संकायाध्यक्ष /सह संकायाध्यक्ष / विभागाध्यक्ष
हिन्दी पखवाड़ा आयोजन समिति के अध्यक्ष एवं सदस्य गण
सभी शिक्षक/अधिकारी/कर्मचारी - ई मेल के माध्यम से

वेब मास्टर - कृपया इसे आईआईटी (आईएसएम), धनबाद वेब साइट के मुख्य पृष्ठ पर स्क्रोलिंग आइटम के रूप में अप लोड करें